an>

Title: Need to set up an enquiry to find out alleged irregularities in outsourcing the work pertaining to CCL and BCCL.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीसीएल और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अंतर्गत जो आउटसोर्सिंग का वर्क चल रहा है, उसमें नियम कानून को ताक पर रख कर माइनिंग एक्ट को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है और न ही लोगों को मुआवजा मिला है। जिन लोगों की जमीन ली गई है, उन्हें नौकरी भी नहीं मिली है। इसके साथ-साथ बहुत हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे कि गरीब लोगों के घर गिर रहे हैं। सीसीएल और बीसीसीएल में जो आउटसोर्सिंग का काम चल रहा है, खास कर हमारे क्षेत्र में बीएनके कठारा में, ढोड़ी क्षेत्र में और बीसीसीएल का ब्लाक-1 से लेकर एरिया-6 तक में, यहां लोगों को काफी कष्ट हो रहा है। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि इस बारे में जांच बिठाई जाए, ताकि वहां के लोगों को इसका लाभ मिल सके।